कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य / मा—स / 22461 / 2014—17/229 दिनांक : 25/07/22

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा।

विषय :— समस्त राजकीय विद्यालयों में 1 से 15 सितम्बर 2022 तक स्वच्छता पखवाडा आयोजित करने के क्रम में।

प्रसंग :— राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर का पत्रांक : एफ.5(4)(134) / RCScE/SWSHE/SBSV/2017(III)/2098 Date-12.07.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसंगानुसार पत्र के क्रम में लेख है कि समस्त राजकीय विद्यालयों में 1 से 15 सितम्बर 2022 के दौरान स्वच्छता पखवाडा आयोजन किया जाना है। इस सम्बन्ध में भारत सरकार से प्राप्त पत्र, जिसमें प्रति दिवस की जाने वाली गतिविधियों को उल्लेख किया गया है, जिसकी प्रति प्रसंगानुसार पत्र के माध्यम से राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई है।

अतः इस दौरान राज्य के सभी विद्यालयों में कोविड—19 प्रोटोकॉल की सख्ती से पालना करते हुए भारत सरकार द्वारा सुझावानुसार प्रतिदिन स्वच्छता से सम्बन्धित गतिविधियां आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र—छात्राओं, शिक्षकों व समुदाय के सदस्यों की समेकित जिलवार सूचना राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर द्वारा उपलब्ध करवाए गए प्रपत्र में श्रैष्ठ फोटोग्राफ, वीडियों के साथ प्रतिदिन सांय — 5.00 बजे तक परिषद् की SWSHE CELL की E-Mail ID — swshecell@hotmail.com पर अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(रमेश कुमार हर्ष)
उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर ।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा विभाग को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)—माध्यमिक।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
6. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक(माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर